महत्वपूर्ण एवं खास

राजेन्द्रनगर-दुर्ग- राजेन्द्रनगर पूजा स्पेशल ट्रेन के परिचालन में विस्तार एवं कोचों में संशोधन

रायपुर (आरएनएस)। रेलवे प्रशासन द्वारा यात्रियों की बेहतर यात्रा सुविधा हेतु राजेन्द्रनगर-दुर्ग-राजेन्द्रनगर के मध्य 22अप्रैल, 2021 तक चल रही पूजा स्पेशल ट्रेन के परिचालन में 07 जुलाई, 2021 तक विस्तार किया जा रहा है । अब गाड़ी संख्या 03288 राजेन्द्रनगरङ्कदुर्ग पूजा स्पेशल ट्रेन को दिनांक 30 जून, 2021 तक तथा गाड़ी संख्या 03287 दुर्ग-राजेन्द्रनगर पूजा स्पेशल ट्रेन को दिनांक 02 जुलाई, 2021 तक चलेगी । इसी प्रकार 03288/03287 दुर्ग-राजेन्द्रनगर-दुर्ग पूजा स्पेशल ट्रेन के कोचों में संशोधन किया जा रहा है। यह संशोधन राजेन्द्रनगर से 30 जून, 2021 से एवं दुर्ग से 02 जुलाई, 2021 से किया जा रहा है । कोच के प्रकार में संशोधन का विस्तृत विवरण इस प्रकार है :- 02 पावरकार, 04 सामान्य, 06 स्लीपर, 06 एसी-3, 02 एसी-2, 01 एसी-1 सहित कुल 21 कोच उपलब्ध रहेगी ।

नहर में गिरे एसईसीएल कर्मी का शव बरामद

कोरबा (आरएनएस)। एसईसीएल कोरबा क्षेत्र में कार्यरत कर्मचारी संताराम पटेल का शव जांजगीर-चांपा जिले के जर्वे में हसदेव शाखा नहर में बरामद हुआ है। पुलिस ने मर्ग कायम करने के साथ आगे की जांच शुरू की है। शुक्रवार को काम पुरा कर पुत्र पप्पु पटेल के साथ संताराम घर लौट रहा था। इसी दौरान वह नहर में जा गिरा था।

अस्थाई आईसोलेशन के निर्बाध संचालन के लिए सौंपे गए दायित्व

रायपुर (आरएनएस)। कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी ने वर्किंग वुमेन हॉस्टल, फुंडहर को अस्थाई आईसोलेशन/ कोविड-19 केयर सेंटर बनाने हेतु अधिग्रहीत किया है।सेंटर के व्यवस्थित एवं निर्बाध संचालन हेतु जिला शिक्षा अधिकारी को नोडल अधिकारी बनाया गया है। उन्होंने यहां के दायित्वों के निर्वहन के लिए चार पालियों में अधिकारियों और कर्मचारियों को दायित्व सौंपा है।

राजस्व अधिकारियों की हुई नवीन पदस्थापना

रायपुर (आरएनएस)। कलेक्टर डॉ एस. भारतीदासन ने प्रशासनिक दृष्टिकोण से राजस्व अधिकारियों को नवीन पदस्थापना में अस्थाई रुप से आगामी आदेश पर्यन्त पदस्थ किया है। इसमें श्रीमती सरिता मढ़रिया को तहसीलदार तिल्दा, श्रीमती मीना साहू अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर, श्रीमती ज्योति सिंह नायब तहसीलदार, मंदिरहसौद, प्रमोद गुप्ता प्रभारी नायब तहसीलदार धरसींवा, प्रमोद शर्मा प्रभारी अधीक्षक भू-अभिलेख के पद पर नवीन पदस्थापना की गई है।

एक लाख का ईनामी डीएकेएमएस अध्यक्ष नक्सली गिरफ्तार

दंतेवाड़ा (आरएनएस)। जिले में चलाये जा रहे संयुक्त नक्सल उन्मूलन अभियान के तहत् 01 लाख रूपये का ईनामी जबेली पंचायत डीएकेएमएस अध्यक्ष चंदू राम उर्फ खुटा कोर्राम (कुहरामी) को मुखबिर की सूचना पर डीआरजी दंतेवाड़ा एवं थाना अरनपुर की संयुक्त पार्टी ग्राम नीलावाया नव निर्मित सडंक गोला नाला की ओर रवाना हुए थे, गोला नाला के पास पुलिस पार्टी के द्वारा घेराबंदी कर गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार नक्सली मलांगेर एरिया कमेटी अतंर्गत जबेली पंचायत डीएकेएमएस अध्यक्ष के पद पर सक्रिय है, जो बड़े नक्सली कैडरों के कहने पर नीलावाया नव निर्माण रोड़ में आईईडी लगाने, रोड़ खोदने एवं पुलिस पार्टी को नुकसान पहुंचाने हेतु गोला नाला के पास आना बताया। उक्त नक्सली के कब्जे से 01 नग टिफिन बम लगभग 02 किग्रा बरामद किया गया। उपरोक्त नक्सली को थाना अरनपुर के अपराध क्रमांक 03/2020 धारा 147, 148, 149, 294, 323, 506, 302, 364 भादवि 25, आर्स एक्ट, 03,05 वि.प.अधि., वि.वि.कि.क. अधि, 13, 23, 38 (2), 39 (2) में पंजीबद्ध कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया।

एमआईसी सदस्य ने टीकाकरण कार्य का अवलोकन किया

रायपुर (आरएनएस)। नगर निगम रायपुर के दानवीर भामाशाह वार्ड क्रमांक 26 के पार्षद एवं एमआईसी सदस्य सुन्दर जोगी ने शासन के निर्देश पर स्वास्थ्य विभाग द्वारा प्रारम्भ किये गये 45 वर्ष आयु अथवा उससे अधिक आयु के नागरिकों को कोरोना टीकाकरण के अभियान की प्रशासनिक व्यवस्था का प्रत्यक्ष अवलोकन वार्ड नम्बर 26 के तहत आने वाले मंगल बाजार सामुदायिक भवन परिसर में पहुंचकर किया एवं वार्डवासियों को अधिक से अधिक संख्या में पात्रता के अनुसार शीघ्र कोरोना टीका लगवाने एवं इस हेतु वार्ड एवं राजधानी शहर के अधिक से अधिक लोगों को समाज हित में जागरूक बनाने का अनुरोध किया।

छत्तीसगढ़ में कोरोना से निपटने अब तक राज्य में 850 करोड़ आवंटित

कोरोना नियंत्रण के लिए राज्य में संसाधनों की कमी नहीं होने देंगे, दृढ़ इच्छाशक्ति से करें मुकाबला- सीएम भूपेश बघेल

रायपुर । कोरोना महामारी की शुरुआत से अब तक कोरोना नियंत्रण के विभिन्न उपायों के लिए छत्तीसगढ़ सरकार ने विभिन्न मदों से 853करोड़ रूपए से अधिक राशि का आवंटन किया है। मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने प्रशासनिक अमले से अपील की है कि वह दृढ़ इच्छाशक्ति के साथ पीड़ित मानवता की सेवा करे। शासन -प्रशासन पूरी संवेदनशीलता के साथ संसाधनों की व्यवस्था और मानीटरिंग करेंगे। किसी भी प्रकार की कमी नहीं होने दी जाएगी। उल्लेखनीय है कि विगत एक वर्ष में कोरोना से निपटने के लिए

मुख्यमंत्री सहायता कोष से समस्त 28जिलों को 73.53 करोड़ रूपये आवंटित किए गये हैं ।

इसके अलावा 300करोड़ रू.जांच,दवा तथा अन्य उपभोग्य सामग्रियों के लिए ,192करोड़ रू.स्टेट डिजास्टर रिलीफ़ फंड,185 करोड़ रू.नाबार्ड सहायता ,25करोड़ रू.लोक निर्माण विभाग,78करोड़ रू.केंद्र-राज्य शामिलाती सहायता के शामिल हैं।इस प्रकार जांच से लेकर कोविड अस्पतालों के विकास तक ,मरीजों की देखभाल ,दवा ,पोषण से लेकर मैदानी व्यवस्थाओं तक सभी कार्यों के लिए आर्थिक सहायता दी गई है।

मुख्यमंत्री श्री बघेल ने मुख्यसचिव यथा अतिरिक्त मुख्य सचिव (स्वास्थ्य)को निर्देश दिए हैं कि वे निरंतर मॉनीटरिंग करें । नियंत्रण और राहत के उपाय युद्ध स्तर पर सुनिश्चित किए जाएं। मैदानी स्तर पर पूर्ण सख्ती हो लेकिन जनता को सहानुभूति, सद्व्यवहार तथा सहयोग के साथ ही परिस्थितियों का सामना करने को तैयार किया जाए।सतत जनजागरण से संक्रमण की रोकथाम की जाए।

तेज रफ्तार कार की चपेट में आने से हुई बकरी चरवाहा की मौत, चालक के खिलाफ अपराध दर्ज

» सड़क हादसे में बाईक सवार की इलाज के दौरान मौत

रायपुर, 10 अप्रैल (आरएनएस)। सड़क हादसे में तिल्दा नेवरा क्षेत्र में अलग-अलग जगह पर दो लोगों की मौत हो जाने के मामले में पुलिस ने घटना की सूचना पर मामले में मर्ग कामय कर जांच में जुटी थी। जांच के बाद अज्ञात कार चालक एवं बाईक सवार के खिलाफ लापरवाही पूर्वक वाहन चलाने का मामला दर्ज कर धारा 304 ए के तहत अपराध दर्ज की है।

मिली जानकारी के अनुसार वार्ड क्रमांक 12 ग्राम साकरा ठेठवारपारा थाना तिल्दा नेवरा निवासी मंगला यादव 60 वर्ष पिता गोडुल यादव 23 दिसंबर 2020 को अपनी बकरियां चराकर वापस लेकर सड़क पार कर रहा था तभी सांकरा पुलिया रायपुर बिलासपुर मार्ग के पास अज्ञात कार चालक ने अपनी चपेट में ले लिया। जिसके उसके सिर में गंभीर चोट लगने की वजह से इलाज के लिये उसे डीकेएस अस्पताल में भर्ती किया गया था जहां उसकी उपचार के दौरान मौत हो गई। इसी तरह 26 जुन 2020 को तेज रफ्तार टीव्हीएस स्कूटी से जाते समय सांकरा मार्ग नेवरा के पास देवरानी-जेठानी महामाया मंदिर पुलिया के पास अनियंत्रित होकर गिरने से बसन्त साहू 23 वर्ष पिता रामजी साहू निवासी निवासी वार्ड क्रमांक 10 ग्राम निनवा धरसींवा रायपुर गंभीर रुप से घायल हो जाने पर इलाज के लिये डीडीनगर स्थित ओम हास्पिटल में भर्ती किया गया था जहां सिर में गंभीर चोट लगने की वजह से उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई।

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय गठित 11 सदस्यीय टीम कर रही छत्तीसगढ़ का दौरा

» प्रदेश में बढ़ते कोरोना के मामलें से है केंद्र चिंतित

रायपुर (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ में बढ़ते आकड़े को देखते हुए केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने 11 सदस्यीय टीम का गठन कर भेजा है। ये 11 सदस्यीय टीम प्रदेशभर का दौरा कर रही है। सांसद सुनील सोनी ने इस संबंध में जानकारी दी है।

सांसद सुनील सोनी ने कहा कि केंद्र ने 11 सदस्यीय टीम भेजी है। प्रदेशभर का टीम दौरा कर रही है। केंद्र और राज्य के बीच टीम एक कड़ी का काम करेगी। टीम की रिपोर्ट देखकर राज्य को सहयोग मिलेगा। केंद्रीय टीम ने राज्य के आला अधिकारियों से मुलाकात की है।

सांसद सुनील सोनी ने कहा छत्तीसगढ़ की स्थिति डरावनी है। यहां गांवों में लोग टेस्टिंग से भाग रहे हैं। टेस्ट नहीं होने से नुकसान ज्यादा हो रहा है । लोगों को संक्रमण का पता देरी से चल रहा है। सुनील सोनी ने कहा कि वैक्सीन की कहीं कोई कमी नहीं है। प्रधानमंत्री ने मुख्यमंत्रियों से आग्रह किया है कि 11 अप्रैल से वैक्सीन लगाने का बड़ा अभियान शुरू किया जाए।

लॉकडाउन में बेच रहे थे सामान, निगम की टीम ने लगाया जुर्माना

» निगम की टीम लगातार कर रही है मॉनिटरिंग

भिलाईनगर (आरएनएस) बढ़ते हुए कोरोना वायरस के संक्रमण की रोकथाम के लिए लॉकडाउन के नियमों का सख्ती से पालन आवश्यक है। निगम की टीम ने आज वैशालीनगर, स्मृतिनगर, सुपेला बाजार, नंदीनी रोड, नेहरू नगर, कोसानगर, राधिका नगर, अंडा चौक, शास्त्रीनगर सहित भिलाई निगम के विभिन्न क्षेत्रों का निरीक्षण किए और लॉकडाउन की अवहेलना करने वाले दुकानदारों से जुर्माना वसूला गया तथा आवश्यक सेवाओं वाली दुकान पर भीड़ न लगे इसकी भी समझाइश दी। लॉकडाउन से छूट वाले कुछ जगह भीड़ पाए जाने वाले स्थान पर क्रमबद्ध दूरी बनाकर सामान देने समझाईश दी। इसके अलावा सामग्री ले जाने वाले वाहन में बिना मास्क के अधिक लोग बैठाकर ले जाते हुए पाए जाने पर भी अर्थदण्ड वसूला गया। भिलाई निगम आयुक्त ऋतुराज रघुवंशी के निर्देश पर निगम की टीम शहर के सभी प्रमुख बाजारों का निरिक्षण कर रही है! तथा लॉकडाउन के आदेश का उल्लंघन करने वालों पर कार्रवाई कर रहे है, घनी आबादी वाले गली, मोहल्लों में दुकान न खुल पाए इसकी लगातार मॉनिटरिंग की जा रही है।

निगम की टीम सभी क्षेत्रों में घूम-घूम कर निरीक्षण कर रहे है ताकि लोग अनावश्यक न निकले। निरीक्षण के दौरान पांच लोगों से 9650 रूपये अर्थदण्ड वसूलने की कार्रवाई की गई। निगम क्षेत्र के नेहरू नगर के वाई रेहरे कीचन खुला पाया जिनसे 3000 हजार रूपए, मिलन चौक राधिका नगर के क्षीर सागर होटल संचालक द्वारा दुकान का आधा सटर खोलकर सामान देते हुए पाए जाने पर 5000 हजार रूपये, दो जगह दुकान का शटर आधा खोलकर सामान देते हुए पाए जाने पर तत्काल बंद कराया गया।

भिलाई निगम क्षेत्र में कोरोना वायरस के संक्रमण की रोकथाम करने जिला प्रशासन द्वारा 14 अप्रैल तक लगाए गए लॉकडाउन का सख्ती से पालन कराया जा रहा है। मोबाइल टीम में कार्रवाई के दौरान सहायक राजस्व अधिकारी संजय वर्मा, शरद दुबे एवं दल प्रभारी प्रकाश अग्रवाल सहित अन्य मौजूद रहे।

कोरबा में कल से 10 दिन का लॉकडाउन

» कलेक्टर किरण कौशल ने ली टास्क फोर्स की बैठक

कोरबा (आरएनएस)। वर्ष 2020 में 80 दिन से ज्यादा के लॉकडाऊन को झेलने वाले व्यवसायियों और आम लोगों को सतर्क हो जाना चाहिए। कारण यह है कि कोरोना की मौजूदा स्थिति के लिहाज से एक बार फिर यही दौर शुरू होने जा रहा है। सोमवार 12 अप्रैल से जिले में 10 दिन का लॉकडाऊन शुरू होगा।

आज कलेक्टर किरण कौशल ने टास्क फोर्स की बैठक ली। इसमें कोविड के अपडेट पर चर्चा की गई और आगामी स्थिति को ध्यान में रख लाकडाऊन का निर्णय लिया गया। कहा गया कि लाकडाऊन की स्थिति में जरूरत की चीजों को उपलब्ध कराने का काम प्रशासन करायेगा। संबंधित सेक्टर में दुकानें अपनी सेवाएं कुछ घंटों के लिए देंगी। सीमित लोग ही इस काम के लिए बाहर निकल सकेंगे। इधर लाकडाउन के निर्णय से पहले ही शहरी क्षेत्र में जरूरी प्रबंध शुक्रवार को किये जाने शुरू कर दिये गये। इसे ही लाकडाउन की तैयारी ही माना जा रहा था। वहीं लाकडाऊन के निर्णय से पहले शहरी क्षेत्र में कई स्थानों पर जाम की स्थिति निर्मित हुई, इसके लिए आगामी दिनों के कोटे का इंतजाम किये जाने को अहम कारण माना गया। जिले में पॉजीटिव मरीजों की संख्या में बढ़ोत्तरी होने से नई समस्या आ खड़ी हो गई है। खतरों को भांप कर प्रशासन को तैयारी करनी पड़ी है। संक्रमण रोकने के इरादे से कई जगह बाधाएं खड़ी की गई। लेकिन इन्हीं स्थानों पर जाम लगने से खतरें और बढ़ते जा रहे है। एक दिन पहले ही प्रशासन के निर्देश पर लोकनिर्माण विभाग और नगर निगम के अमले ने मिलकर मुख्य मार्ग से लेकर हसदेवपुल, बॉयीतट नहर पुल, एसईसीएल मार्ग, बुधवारी बाजार, कलेक्ट्रेट और अन्य क्षेत्रों में बेरीकेटिंग कराई। इसका उद्देश्य यह बताया जा रहा है कि आर्थिक गतिविधियों का जो समय दोपहर 3 बजे तक के लिए तय किया गया है उसके बाद विभिन्न क्षेत्रों में भीड़-भाड़ बिलकुल नहीं होना चाहिए। इसके अलावा कोई भी व्यक्ति निश्चित प्रयोजन के बिना सड़क पर न दिखे। इन सबके बावजूद दुकानदारी का समय सुबह 6 से 3 बजे तक किया गया है। लॉकडाऊन की आशंका से डरे हुए लोग काफी संख्या में बाहर निकलने के साथ जरूरत का सामान अतिरिक्त रूप से खरीदने के लिए उतावले है। इस चक्कर में हसदेव बॉयीतट नहर पुल के पास आस सुबह लंबा जाम लग गया। बेरिकेटिंग किये जाने से आवाजाही के लिए सीमित रास्ता बचा है।

राज्यपाल ने अपने जन्मदिन अवसर पर पूजा-अर्चना कर देश एवं प्रदेश की सुख समृद्धि की कामना की

रायपुर (आरएनएस)। राज्यपाल सुश्री अनुसुईया उइके ने आज अपने जन्मदिन के अवसर पर पूजा-अर्चना की और देश-प्रदेश की सुख समृद्धि की कामना की है। उन्होंने ईश्वर से देश-प्रदेश को कोरोना संक्रमण से जल्द मुक्त करने तथा इस गंभीर बीमारी से ग्रसित लोगों की जल्द स्वस्थ होने की कामना की। राज्यपाल ने आम जनता से अपील करते हुए कहा है कि कोविड-19 का संक्रमण तेजी से बढ़ रहा है। अतः प्रयास करे की अपने घर पर ही रहे, भीड़-भाड़ वाले तथा सामूहिक आयोजन पर जाने से बचे। मास्क का सदैव प्रयोग करें और हाथों को साबून से बार-बार धोते रहे। साथ ही रोग प्रतिरोग क्षमता बढ़ाने वाली आयुर्वेदिक काढ़े या घर में ही उपलब्ध वस्तुएं का उपयोग करें। साथ ही इस बीमारी से जुड़े प्रारंभिक लक्षण दिखने पर अपना परीक्षण कराए और नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में या किसी चिकित्सक से संपर्क करें और चिकित्सक की सलाह पर निर्धारित दवाओं का उपयोग करना प्रारंभ करें। अपने घर के बच्चों एवं बुजुर्गों का विशेष रूप से ध्यान रखें। हम अभी इस समय दवाई और कड़ाई के सिद्धांत का पालन करें और निश्चित ही हमारी सजगता से ही देश एवं प्रदेश को कोरोना संक्रमण वायरस से मुक्त करा लेंगे।

अवैध शराब के साथ एक गिरफ्तार आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज

» 52 पौव्वा देशी/अंग्रेजी शराब व 7 बॉटल बीयर जब्त

रायपुर (आरएनएस)। अवैध शराब बेचने की सूचना पर खमतराई पुलिस ने रेड की कार्रवाही कर 52 पौव्वा देशी/अंग्रेजी शराब सहित 07 बॉटल बीयर जब्त की है।

मिली जानकारी के अनुसार 10 अप्रैल शनिवार को सुबह 8.15 बजे मुखबीर की सूचना पर श्रीकृष्ण विहार कालोनी शिवानंदनगर नहरपारा के पास खमतराई में पुलिस ने रेड की कार्रवाही कर छापामारकर 7 बॉटल बीयर तथा 52 पौव्वा देशी मशाला 48 पौव्वा व केजी रोमियों विस्की अग्रेजी शराब 4 पौव्वा अनुमानित कीमत 15 हजार रुपये को बरामद किया है। पकड़े गए आरोपी का नाम पता पुछने पर उसने अपना नाम निरंजन हेमब्रोम 29 वर्ष पिता जकरीया हेमब्रोम निवासी श्रीकृष्ण विहार कालोनी खमतराई बताया है। आरोपी के खिलाफ पुलिस ने आबकारी एक्ट की धारा 34-2 के तहत कानूनी कार्रवाही की है।

दुकान का ताला तोड़कर 35 हजार का सामान चोरी,अज्ञात चोर के खिलाफ मामला दर्ज

रायपुर (आरएनएस)। रेडियों साउण्ड दुकान का शटर तोड़कर हजारों रुपये का सामान चोरी कर लेने की रिपोर्ट डीडीनगर थाने में दर्ज करायी गई है। मिली जानकारी के अनुसार दीनदयाल आवास ब्लॉक 34 कबीर नगर निवासी अभिराट सिंह 24 वर्ष ने थानें में शिकायत दर्ज करायी है कि प्रार्थी का दुकान जो रायपुरा ओव्हरब्रिज के पास मधुर रेडियों सांउण्ड के नाम से है। 07 अप्रैल को शाम 6 बजे दुकान में तालाबंद कर घर आ गया था। दूसरे दिन दुकान खोलने जाने पर ताला टुआ हुआ मिला। किसी ने दुकान में लगे शटर का ताला तोड़कर करीब 35 हजार रुपये का सामान चोरी कर लिया।

उत्पाती हाथी फिर पहुंचा कुदमुरा क्षेत्र, ग्रामीणों में दहशत

कोरबा (आरएनएस)। जिले के वनमंडल कोरबा के पसरखेत, करतला, कुदमुरा एवं कोरबा रेंज के अलावा धरमजयगढ़ क्षेत्र के छाल में उत्पात मचाकर ग्रामीणों एवं वन विभाग के नाको में दम कर देने वाला उत्पाती हाथी प्रथम एक बार फिर जिले में प्रवेश कर गया है। इस हाथी को आज सुबह कुदमुरा जंगल के कक्ष क्र.1140 में विचरण करते हुए देखा गया और इसकी सूचना वन विभाग को दी गई।

इससे पहले हाथी ने शुक्रवार की रात कुदमुरा क्षेत्र में पहुंचते ही उत्पात मचाना शुरू कर दिया। इस दौरान हाथी ने 4 ग्रामीणों के खेतों में लगे धान की रवि फसल को पूरी तरह चौपट कर दिया। उत्पाती हाथी के यहां पहुंचने तथा उत्पात मचाये जाने से क्षेत्र में दहशत का माहौल बन गया है। उत्पाती हाथी के कुदमुरा क्षेत्र में प्रवेश करने की सूचना मिलते ही वन विभाग का अमला सतर्क हो गया है और क्षेत्र में मुनादी कराने के साथ ही इसकी निगरानी में जुट गया है। ज्ञात रहे हाथी ने पिछले वर्ष काफी उत्पात मचाया था। और बेकाबू हो गया था। हाथी को बेकाबू होता देख वन विभाग ने इसे ट्रेक्यूलाईज कर इसके गले में रेडियो कॉलर लगाया था। रेडियो कॉलर लगाये जाने के बाद काफी दिनों तक यह कुदमुरा एवं धरमजयगढ़ डयूजन के जंगलों में विचरण करता रहा। बाद में एकाएक कहीं चला गया था। प्रथम का लोकेशन पता नहीं चल रहा था। तीन दिनों पूर्व इसे धरमजयगढ़ व कुदमुरा की सीमा पर देखा गया।

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com

Social Justice Union

Registered with Govt. No. 5526

Join SJU

अधिकार से न्याय तक

आवश्यकता

इस संघ का गठनसमूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईज़र श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों कु0 सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी राकुन्डे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जावेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जावेगा।

उद्देश्य एवं नियुक्तियां

मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जावेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जावेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तों का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

मुख्य बिन्दु

प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।

पीड़ित संपर्क करें

संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

अन्य बिन्दु

- संघ पर्यावरण संरक्षण एवं पर्यावरण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक तौर के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जावेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जावेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जावेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जावेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जावेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के मूल्यवान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित करायेगा।

पढ़िए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र

:: Address :: Behind Stadium Near Career School, Raigarh, C.G. Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।

Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU